# चीन के राष्ट्रपति ने रद्द किया पाकिस्तान दौरा

## न्यूज डायरी



### राजनाथ सिंह से मुलाकात करना चाह रहे हैं चीनी रक्षा मंत्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मास्को। पैंगोंग झील के पास में भारतीय जवानों के हाथों में जोरदार झटका खाए चीन के रक्षा मंत्री वेई फेंघे आज भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मास्को में मुलाकात कर सकते हैं। चीनी रक्षा ने राजनाथ सिंह से मिलने के लिए समय मांगा था। दोनों नेता शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में हिस्सा लेने के लिए मास्को पहुंचे हैं। माना जा रहा है कि रूस पर्दे के पीछे से अपने दोनों ही घनिष्ठ मित्र देशों भारत और चीन के बीच दोस्ती कराने में लगा हुआ है और यह बैठक भी रूसी प्रयासों का हिस्सा है। भारत और चीन के रक्षा मंत्री ऐसे समय पर मिल रहे हैं जब पूर्वी लद्दाख में दोनों ही देशों के हजारों सैनिक, टैंक और तोपें आमने–सामने हैं। इससे पहले भी चीन के रक्षा मंत्री ने राजनाथ सिंह से मिलने की इच्छा जताई थी लेकिन यह मीटिंग नहीं हुई थी।

### इमरान खान के लाडले जनरल असीम बाजवा ने दिया इस्तीफा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के लाडले जनरल असीम सलीम बाजवा ने अरबों रुपये के भ्रष्टाचार के खुलासे के बाद अंततः पीएम के सलाहकार पद से इस्तीफा दे दिया है। पाकिस्तानी सेना और चीन–पाकिस्तान इकनॉमिक कॉरिडोर के अध्यक्ष पद पर रहते हुए जनरल बाजवा पर अरबों रुपये की दौलत बनाने का आरोप लगा है। बाजवा ने अभी करीब 60 अरब डॉलर के CPEC परियोजना के चेयरमैन पद से इस्तीफा नहीं दिया है। जनरल बाजवा पर चार देशों में 99 कंपनियां और 133 पापा जॉन पिज्जा के रेस्त्रां बनाने का आरोप है। बाजवा ने पहले इस भ्रष्टाचार का खुलासा करने वाले पाकिस्तानी पत्रकार को धमकाने की कोशिश की थी लेकिन अंततः चौतरफा दबाव के बाद उन्हें इस्तीफा देना पड़ा है। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता रह चुके असीम बाजवा ने एक टीवी चैनल से बातचीत में कहा कि वह आज प्रधानमंत्री इमरान खान को अपना इस्तीफा सौंप देंगे।

### चीन से तनाव के बीच रूसी रक्षामंत्री से मिलें राजनाथ सिंह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मास्को। चीन से लद्दाख सीमा पर भारी तनाव के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में हिस्सा लेने के लिए बुधवार को रूस की राजधानी मास्को पहुंचे। राजनाथ सिंह एससीओ की एक महत्वपूर्ण बैठक में हिस्सा लेने के साथ ही बृहस्पतिवार को रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू से मुलाकात करके द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा करी। बताया जा रहा है कि रक्षा मंत्री भारतीय सेना के लिए अत्याधुनिक AK–203 राइफल सौदे को अंतिम रूप देने और एस 400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम को जल्द से जल्द आपूर्ति करने पर जोर देंगे। अधिकारियों ने बताया कि एससीओ सदस्य देशों के सभी आठ रक्षा मंत्री आतंकवाद, अतिवाद जैसी क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों और उनसे एकजुट होकर निपटने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया,'रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह रूस की तीन दिवसीय यात्रा पर मॉस्को पहुंच गए।

### तीन माह बाद न्यूजीलैंड में कोरोना संक्रमित एक शख्स की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूजीलैंड। न्यूजीलैंड में तीन माह बाद शुक्रवार को एक शख्स की मौत हो गई जो कोरोना संक्रमित था। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि यह मरीज महामारी के दूसरी लहर के चपेट में आया था जो पिछले माह ऑकलैंड में रिपोर्ट किया गया था। ऑकलैंड में दोबारा आए संक्रमण की लहर को लेकर एक्सपर्ट की राय है कि इस बार आए वायरस का स्ट्रेन पहली बार से अलग है जिसे 7 सप्ताह के लॉकडाउन में खत्म कर दिया गया था। दक्षिण प्रशांत देश में 102 दिनों तक कम्युनिटी ट्रांसमिशन रुका हुआ था। ऑकलैंड के मिडलमोर अस्पताल में शुक्रवार दोपहर को हुई मौत का आंकड़ा 23 हो गया। न्यूजीलैंड में अब तक संक्रमण के मामले 1700 से अधिक हो गए हैं। अभी यहां 112 मामले हैं। उल्लेखनीय है कि न्यूजीलैंड में महामारी के मद्देनजर आम चुनाव को भी टाला जा चुका है।

---

**झटका**

## चीनी राष्ट्रपति के दौरा रद्द करने से पाकिस्तान को लगा करारा झटका



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
पेइचिंग/इस्लामाबाद। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपना पाकिस्तान दौरा रद्द कर दिया है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग इस साल के आखिर में पाकिस्तान आने वाले थे। शी के दौरे को देखते हुए इमरान खान सरकार उनके स्वागत के लिए जोरदार तैयारियां कर रही थी। इमरान खान को उम्मीद थी कि सऊदी एटीएम बंद होने के बाद वह चीनी राष्ट्रपति को खुश करके और ज्यादा आर्थिक मदद हासिल कर लेंगे।
अब चीनी राष्ट्रपति के दौरा रद्द करने से पाकिस्तान को अब करारा झटका लगा है। पाकिस्तान में चीन के राजदूत याओ जिंग ने कहा कि कोरोना वायरस संकट को देखते हुए यह दौरा रद्द किया गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही नई तिथियों का ऐलान किया जाएगा। बता दें कि इमरान खान ने अपनी चीन यात्रा के दौरान चीनी राष्ट्रपति को पाकिस्तान दौरे का निमंत्रण दिया था। राष्ट्रपति बनने के बाद जिनपिंग की यह दूसरी पाकिस्तान यात्रा होगी। इससे पहले वे 2015 में इस्लामाबाद का दौरा कर चुके हैं।
चीनी राजदूत ने कहा कि वह चीन–पाकिस्तान आर्थिक गलियारे की प्रगति से संतुष्ट हैं और दोनों देश इस परियोजना में आ रही चुनौतियों से परिचित हैं। चीनी राजदूत ने कहा कि दोनों देश शत्रुओं की नापाक मंशा को कामयाब नहीं होने देंगे। बता दें कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ऐसे समय पर अपना दौरा रद्द किया है जब कहा जा रहा है कि चीन सीपीईसी की प्रगति से खुश नहीं है। बता दें कि पाकिस्तान में ग्वादर के रास्ते भारत को घेरने का ख्वाब पाल रहे चीन को जबरदस्त झटका लगा है। चीन–पाकिस्तान इकनॉमिक कॉरिडोर में पहले ही अरबों डॉलर लगा चुके ड्रैगन की चिंताएं प्रोजेक्ट की सुरक्षा और बढ़ती लागत ने बढ़ा दिया है। कोरोना वायरस के कारण परियोजना का काम एक तरफ जहां बहुत धीमी गति से बढ़ रहा है, वहीं दूसरी तरफ बलूचिस्तान में उग्रवादियों के हमले भी तेज हो गए हैं।
**बलूचिस्तान में पाक सेना के काफिले पर हमलाः** पिछले दिनों बलूच उग्रवादियों ने पंजगुर जिले में सेना के एक काफिले को निशाना बनाया। जिसमें तीन सैनिक मारे गए, जबकि सेना के एक कर्नल सहित 8 अन्य जख्मी हो गए। पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, बलूचिस्तान में सेना के काफिले पर मई के बाद यह तीसरा हमला था। ये उग्रवादी अब अपने हमलों का विस्तार कराची सहित पाकिस्तान के अन्य हिस्सों में भी कर रहे हैं।
**स्पेशल फोर्स बनाने के बावजूद नहीं रुके हमलेः** 60 बिलियन अमेरिकी डॉलर के लागत वाले इस परियोजना की सुरक्षा को लेकर पाकिस्तान ने एक स्पेशल फोर्स का गठन किया है, जिसमें 13700 स्पेशल कमांडो शामिल हैं। इसके बावजूद इस परियोजना में काम कर रहे चीनी नागरिकों पर हमले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। जून में कराची के स्टॉक एक्सचेंज पर हुए हमले की जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी की माजिद ब्रिग्रेड ने ली थी।

## अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में 20 लाख हिंदुओं की होगी भूमिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। भारतीय–अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में कई राज्यों के करीब 20 लाख हिंदुओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। साथ ही उन्होंने अपने समुदाय के साथी सदस्यों से कहा कि अपने मताधिकार का इस्तेमाल करना उनका धर्म है। दरअसल, यही वजह है कि राष्ट्रपति चुनाव में दोनों ही दावेदार इन दिनों हिंदुओं को अपने पाले में लाने की कोशिश में जुटे हुए हैं। 'हिंदू अमेरिकन फॉर बाइडेन' अभियान की आधिकारिक शुरुआत के दौरान कृष्णामूर्ति ने ऑनलाइन एक कार्यक्रम में समुदाय के सदस्यों से तीन नवम्बर को डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन और उनकी 'रनिंग मेट' (उप राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार) भारतीय अमेरिकी कमला हैरिस को वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हिंदू मूल्य वसुधैव कुटुम्बकम् की वजह से जो बाइडेन का चुना जाना बेहद महत्वपूर्ण है .... हम सभी के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करने में विश्वास करते हैं।' कृष्णामूर्ति ने कहा, 'यह हमारे जीवन के सबसे महत्वपूर्ण चुनाव है। 60 दिनों में, तीन नवम्बर को, आप माने या ना माने, 20 लाख हिंदू–अमेरिकी कई राज्यों में मतदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



### अब पाकिस्तान ने चीन को श्वेचाश अपना समुद्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। चीन–पाकिस्तान इकनॉमिक कॉरिडोर के जरिए चीन का उपनिवेश बनते जा रहे पाकिस्तान ने अब अपना समुद्र भी ड्रैगन के हवाले कर दिया है। पाकिस्तान ने अब चीनी जहाजों को अपने विशेष आर्थिक जोन में मछली पकड़ने की अनुमति दे दी है। उधर, पाकिस्तान सरकार के इस फैसले के बाद कराची में इमरान सरकार और चीन के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। पाकिस्तान सरकार के इस फैसले से कराची के लोग सकते में हैं और हजारों की संख्या में मछुआरे चीन का विरोध कर रहे हैं। पाकिस्तान सरकार की अनुमति के बाद चीन से गहरे समुद्र में मछली पकड़ने में सक्षम 20 ट्रालर कराची पहुंचे हैं।

## ताइवान ने मार गिराया चीन का सुखोई–35 फाइटर जेट?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
ताइपे। चीन के साथ तनाव के बीच ताइवान के एक चीनी फाइटर के मार गिराने की रिपोर्ट्स आ रही है। हालांकि चीन और ताइवान में से किसी ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है। टीवी रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि ताइवान ने अपने एयर स्पेस में घुस आए चीनी सुखोई–35 विमान को मार गिराया है। बताया जा रहा है कि इस हमले में ताइवान ने अमेरिकी पेट्रियाट मिसाइल डिफेंस सिस्टम का इस्तेमाल किया है।
खबरों में दावा किया जा रहा है कि ताइवान ने चीनी विमान को कई बार चेतावनी दी लेकिन उसके बाद चीनी विमान ताइवान के एयरस्पेस में बना रहा। इसके बाद ताइवान ने उसे मार गिराया। बताया जा रहा है कि इस घटना में पायलट घायल हो गया है। अगर यह घटना सच साबित होती है तो दोनों ही देशों के जंग की नौबत आ सकती है। बता दें कि चीन पिछले कई दिनों से ताइवान के एयरस्पेस में अपने लड़ाकू विमान भेज रहा है।
ताइवान ने चीन के किसी भी हिमाकत का जोरदार जवाब देने के लिए अपनी सैन्य क्षमता को और मजबूत करने की तैयारी शुरू कर दी है। चीन के किसी भी प्रकार के आक्रामक रवैये से निपटने के लिए ताइवान की नेवी और एयरफोर्स अलर्ट पर है। राष्ट्रपति त्साई इंग–वेन ने ताइवान के सैन्य ताकत में इजाफा करने के लिए रिजर्व सैन्य बलों को और मजबूत करने के लिए कई नई घोषणाएं की हैं। जिसके तहत रिजर्व फोर्स को ताइवानी सेना के लिए मजबूत बैकअप के रूप में विकसित किया जाएगा।
जिसके तहत एक रिजर्व फोर्स को बनाया जाएगा जो नियमित सशस्त्र बलों की तरह ही ताकतवर होगी। उन्हें वे सभी हथियार और सैन्य साजो समान दिए जाएंगे जिसका इस्तेमाल ताइवानी सेना करती है।

> चीन और ताइवान में से किसी ने अभी विमान के मार गिराए जाने की पुष्टि नहीं की

### दोस्त रूस ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को दिया भरोसा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मास्को। रूस के दौरे पर गए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को मास्को ने भरोसा दिया है कि वह पाकिस्तान को हथियार नहीं देगा। इससे पहले रूस ने पाकिस्तान को आधा दर्जन हेलिकॉप्टर दिए थे जिसका भारत ने विरोध किया था। इसके बाद रूस ने इन हेलिकॉप्टर्स की सप्लाई को रोक दिया था। रूस ने यह आश्वासन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ गुरुवार शाम को बैठक के दौरान दिया। रूस भारत को सबसे ज्यादा हथियारों की आपूर्ति करने वाला देश है। इसमें परमाणु ऊर्जा से चलने वाली सबमरीन शामिल है। रूस ने यह भी कहा है कि वह भारत की व्यापक स्तर पर सुरक्षा हितों में मदद करेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रूस के रक्षा मंत्री जनरल सर्गेई शोइगू के बीच बैठक में मास्को ने यह आश्वासन दिया। बता दें कि भारत को घेरने के लिए पाकिस्तान काफी समय से रूस से हथियार खरीदना चाहता है लेकिन उसे सफलता नहीं मिल पाई है। भारत और रूस के सैनिक जल्द ही अंडमान सागर के पास व्यापक युद्धाभ्यास करने जा रहे हैं।